रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी मेट्रो द्वारा नवीनीकृत सरकारी प्राथमिक विद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल के सम्बोधन का प्रारूप

दिनाङ्क : 19 मई 2024, शनिवार	समय : 11:00 AM	स्थान : रिहाबाड़ी, गुवाहाटी

- रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी मेट्रो के अध्यक्ष
  श्री राजेंद्र प्रसाद सुरेका जी,
- सचिव श्री शंकरलाल अग्रवाल जी,
- उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार जसरासरिया जी,
- आर्य पाठशाला के प्रधानाध्यापक
  श्री हेमन्त कुमार दास
- उपस्थित अन्य अतिथिगण
- मेरे प्यारे विद्यार्थियों,

आप सभी को मेरा नमस्कार !

1. सर्वप्रथम सरकारी प्राथमिक विद्यालय "आर्य पाठशाला" के नवीनीकरण के लिए आप सभी को बधाई। मुझे इस नवीनीकृत विद्यालय का उद्घाटन करने का सौभाग्य प्रदान करने के लिए मैं 'रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी मेट्रो' को हार्दिक धन्यवाद देता हूं। साथ ही इस सामाजिक कार्य के लिए संगठन की सराहना करता हूं।

2. देवियो एवं सज्जनो,

विद्यालय शिक्षा का मंदिर होते हैं, जहां शिक्षक बच्चों को गढ़कर सुसंस्कारित और अनुशासित बनाते हैं। विद्यालयों से ज्ञान पाकर बच्चे आगे चलकर सफल नागरिक बनते हैं। इसलिए विद्यालयों की सुरक्षा एवं विकास करना शिक्षकों के साथ-साथ समाज के लोगों की भी जिम्मेदारी है।

3. मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि संगठन ने स्वतंत्रता पूर्व काल के विद्यालय का जिर्णोधार कर नया रंग-रूप दिया है। मुझे बताया गया है कि संगठन ने अपने “हैप्पी स्कूल” परियोजना के तहत 1935 में स्थापित इस स्कूल की खस्ताहाल बुनियादी ढ़ांचागत सुविधाओं को ठिक किया। विद्यालय परिसर में फूलदान और पौधे लगाकर तथा विद्यालय की दीवारों का रंग-रोगन कराकर इसे सुंदर बनाया है।

4. मुझे यह जानकार अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि इस पुराने प्राथमिक विद्यालय को “ए” रेंक प्राप्त है। यह विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मुझे यह जानकर भी बहुत खुशी हुई कि विद्यालय के एक पूर्व छात्र ने असम पुलिस सेवा आयोग (एपीएससी) की 2022 में आयोजित परीक्षा में नौवां स्थान प्राप्त किया था। इसस पता चलता है कि स्कूल का अनुशासन बहुत अच्छा है और यहां सभी विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

5. देवियो एवं सज्जनो,

बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उनमें जिज्ञासा पैदा करना भी आवश्यक है। जिज्ञासा होने पर ही बच्चों के सीखने की क्षमता का विकास होता है। वह हर समय कुछ नया सीखने को उत्साहित रहते हैं। शिक्षकों के पढ़ाने का तरीका ऐसा होना चाहिए, जिससे बच्चों का ज्ञानवर्द्धन होने के साथ ही उनका उत्साह भी बना रहे।

6. विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारी युवा पीढ़ी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना बहुत आवश्य है। वर्तमान में देश के शिक्षकों पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर सुंदर भारत के निर्माण की जिम्मेदारी है।

हालांकि इस कार्य में बहुत सारी चुनौतियां हैं और हम सबको इन चुनौतियों से हम सबको मिलकर निपटना होगा। तभी हम सशक्त भारत की तस्वीर बना पाएंगे। इसके लिए अभिभावकों और समाज के लोगों को भी आगे आना चाहिए। इस परिपेक्ष्य में मैं रोटरी क्लब ऑफ गुवाहाटी मेट्रो से आह्वान करता हूं कि वे यह भी सुनिश्चित करेंकि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।

7. मुझे यह जानकर खुशी हुई कि संगठन अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहयोग एवं योगदान देता है। यह संस्था गैर-राजनीतिक, गैर-धार्मिक अंतर्राष्ट्रीय सेवा संगठन रोटरी इंटरनेशन की एक इकाई है, जिसका मुख्य ध्येय **'Service above Self' यानी 'स्वथ से ऊपर सेवा'** है।

8. मुझु खुशी है 2016 में स्थापित तथा रोटरी इंटरनेशन डिस्ट्रिक्ट 3240 के अंतर्गत पंजीकृत यह संगठन इसी आदर्श वाक्य के साथ मानवता की सेवा में जुटा हुआ है।

संगठन नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वच्छता अभियान कार्यक्रम, प्राकृतिक आपदा से पीड़ित लोगों की सहायता, शिक्षा के लिए विद्‌यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान करता है। मैं इन सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए संगठन का हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

9. रोटरी से जुड़े आप सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में सफल रहे हैं। फिर भी आपने खुद को केवल काम करने तक ही सीमित नहीं रखा है। आपने अपने व्यवसायिक और सामाजिक जीवन के साथ-साथ मानव सेवा के उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं।
10. अतं में मैं इस विश्वास के साथ अपने शब्दों को विराम देना चाहूंगा कि संगठन भविष्य में मानव सेवा के पथ पर इसी तरह अग्रसर रहेगा और दूसरों को भी प्रेरित करेगा।
11. पुनः मैं इस नवीनीकृत विद्‌यालय के उद्‌घाटन के लिए आप सभी को बधाई और बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

धन्यवाद। जय हिन्द।